to Grade 'F' on 1-1-88, was 6.7 per cent and 1.4 per cent respectively. It has further reported that it has taken special measures such as imparting of pre-recruitment training to the Scheduled Caste|Scheduled Tribe Candidates to clear the backlog. Government have advised several measures including relaxation in educational qualifications, lower cut of points, pre-recruitment and pre-promotion training programmes for Scheduled Castes and Scheduled Tribes, exemption from payment of fees reimbursement of TA to appear at the interviews, placing of review reports before the boards of Directors etc. to the public sector banks|financial institutions, including Reserve Bank of India, to clear the backlog in reserved vacancies for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

दिल्ली पुलिस के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों का स्थानान्तरण

2480. **श्री राम नरेश यादव :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत वर्ष दिल्ली पुलिस के कुछ "भारतीय पुलिस सेवा" अधिकारियों का स्थानान्तरण दिल्ली से बाहर किया गया था और बाद में, उनके स्थानान्तरण आदेश या तो रोक दिये गये अथवा रद्द कर दिये गये;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) गत वर्ष अर्थात 1 जनवरी से दिसम्बर, 1988 तक की अवधि के दौरान दिल्ली पुलिस के सतर्कता विभाग द्वारा दिल्ली पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार और अनियमितताओं से संबंधित कितनी शिकायतें सही पाई गईं; और

(घ) उन पर की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. चिदम्बरम) : (क) और (ख) 1988 के दौरान गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस में कार्यरत सात भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों के दिल्ली से बाहर स्थानान्तरण करने के आदेश दिए थे उनमें से 5 को उनकी तैनाती के नए स्थानों पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए तुरन्त कार्यमुक्त कर दिया गया। कम्प्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर एक अधिकारी को दिल्ली पुलिस के कम्प्यूटर केन्द्र के विकास में सहायता प्रदान करने के लिए 31.3.1989 तक रोकने की अनुमति दे दी गई है। अन्डमान और निकोबार द्वीप समूह में तैनात एक अधिकारी का कार्यकाल पूरा होने के परिणामस्वरूप उनके स्थान पर वहां एक अधिकारी का स्थानान्तरण किया गया था। यह स्थानान्तरण स्थगित कर दिया गया क्योंकि वहां तैनात अधिकारी की पत्नी का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण वे वहां से तुरन्त नहीं निकल सके।

(ग) और (घ) 1 जनवरी, 1988 से दिसम्बर, 1988 तक की अवधि के दौरान दिल्ली पुलिस के सतर्कता विभाग द्वारा दिल्ली पुलिस के अधिकारियों, कार्मिकों के विरुद्ध भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की 115 शिकायतें सही पाई गई। इसके परिणामस्वरूप दिल्ली पुलिस के 24 कार्मिकों को निलंबित किया गया, 67 के विरुद्ध विभागीय जांच शुरू की गई, 68 को असंवेदनशील इकाइयों में स्थानान्तरित किया गया, 59 को या तो निन्दित किया गया या निन्दित क्यों न किया जाये? इसके लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, 22 को चेतावनी/सलाह सतर्क रहने के आदेश जारी किए गए और 39 को संदिग्ध सत्यनिष्ठा गुप्त सूची के अन्तर्गत लाया गया।